

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 98 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 05 अगस्त 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# सीईओ सिवनी की ताबडतोड़ कार्यवाही से ग्राम पंचायतो के सचिवों में दहशत

सिवनी यशोः- सिवनी जिला पंचायत के नवागत मु यकार्यपालन अधिकारी पवार नवजीवन ने अपनी पदस्थी के साथ ही जिले में ग्राम पंचायत क्षेत्रो में चल कार्यो की प्रगति और अन्य व्यवस्थाओं पर ताबड़तोड कार्यवाही प्रारंभ कर दी है । जानकारी के अनुसार सुबह से ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण और फिर रात्रि तक विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की बैठके लेकर गलतियों पर फटकार ही नहीं लगा रहे बल्कि कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है हालांकि इस प्रकार की ताबडतोड़ कार्यवाही से घंसौर जनपद पंचायत क्षेत्र के एक पंचायत समन्वय अधिकारी पूरनलाल उईके को शराब के नशे में पाये जाने पर निलंबित कर दिया था । इस पंचायत समन्वय अधिकारी मेडीकल जाँच के उपरांत उसे निलंबित किया गया था जिसकी बाद में अटैक आने से मौत होगयी । इस बात को लेकर जिला पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी के विरोध में नाराजगी भी सोशल मीडिया में जतायी जा रही है । इसी प्रकार काम में गड़बडी पर कुछ सचिव भी निलंबित किये गये है । कुछ को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है ।

### समीक्षा बैठक

सिवनी दिनांक 03.08.2023 को मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी पवार नवजीवन ने जिला पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की । समीक्षा बैठक में समस्त मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एडीओ, बीपीओ, पीसीओ एवं ब्लाक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास उपस्थित रहे।

श्री पवार द्वारा विकासखण्डवार एवं से टर वार समीक्षा की जाकर बैठक में अनुपस्थित एवं न्यून प्रगति वाले 6 अधिकारी/कर्मचारियों के विरूध एक दिवस का अवैतनिक किये जाने की कार्यवाही की गई साथ ही एक सप्ताह में प्रगति लाने के निर्देश दिये गये ।

### सीईओ जि.पं ने घंसौर जनपद का किया निरिक्षण

सिवनी दिनांक 2.08.2023 नवागत मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पवार द्वारा जनपद पंचायत घंसौर अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया । ग्राम पंचायत कहानी में शमशान घाट में कांक्रीट कार्य का अवलोकन किया गया । निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य से संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये जाने पर सहायक यंत्री उपयंत्री एवं सचिव ग्राम पंचायत कहानी का एक दिवस का अवैतनिक करने की कार्यवाही की गई । निर्मलनीर पिण्डरई निर्मलकूप निर्माण में स्थल अनुसार प्रो लन तैयार नहीं किये जाने एवं माप पुस्तिका में सहायक यंत्री उपयंत्री एवं सचिव के हस्ताक्षर नहीं होने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये । कूप निर्माण में ग्रामीण जनो द्वारा बताए अनुसार कटौती नहीं किये जाने की अनियमितता किये जाने पर किये गये कार्य की वसूली उपयंत्री एवं सहायक यंत्री से किये जाने के निर्देश दिये गये ।

सीमेंट कांक्रीट रोड खापा के निरीक्षण में ऐ सपान्सन एवं कन्स्ट्रशन ज्वाईन्टस नहीं बनाए गये रोड के दोनों तरफ नालियों का निर्माण किया जाना था जो नहीं किया गया उस कार्य को पूर्ण कर अवगत कराया जाये । अमृत सरोवर ओखी तालाब रमपुरी, परकोलेशन टैंक रमपुरी , पुष्कर धरोहर कुड़ो बुधवारा कार्यो का निरीक्षण किया जाकर स्थल पर पाई गई कमियों को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये इसके पश्चात जनपद पंचायत घंसौर में जनपद के अधिकारी कर्मचारियों का संक्षित परिचय लेकर कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की गई केशबुक संधारण ना होने के कारण मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पचायत घंसौर को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गयें ।

### सिवनी जनपद का निरिक्षण

इसी प्रकार 01 अगस्त को मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पवार द्वारा जनपद पंचायत सिवनी के अंतर्गत बीटी रोड निमार्ण टिकारी से ग्राम नरेला मु यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद का स्थल निरीक्षण किया गया स्थल निरीक्षण में निर्माण कार्य में प्रो लन अनुसार कार्य नहीं किये जाने पर उपस्थित सहायक यंत्री, उपयंत्री को फटकार लगाई एंव कार्य में पाई गई कमियों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये इसके पश्चात अमृत सरोवर छींदा वाला नाला ग्राम जमुनिया ग्राम पंचायत जमुनिया का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय माप पुस्तिका अपूर्ण पाई गई एवं प्रो लन अनुसार निर्माण कार्य नहीं होना पाया गया । संबंधितों को प्रो लन अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने के निर्देश दिये जाकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया ।

## कारीरात ग्राम पंचायत को आस

सिवनी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कारीरात के दस्तावेजों की चोरी एक वर्ष पूर्व ताला खोलकर की गयी उस संबंध में ग्रामीणों को आशा है कि जिला पंचायत के तेज तर्रार सीईओ सच्चाई का पता लगाकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे । पिछले वर्ष अगस्त माह की आम सभा में एक प्रस्ताव लाया गया था कि पिछले सरपंच के कार्यकाल के कार्यो की जाँच करायी जाँच यह प्रस्ताव सर्वम मति से पारित हुआ था और इसी के बाद ग्राम पंचायत के सारे दस्तावेज ताला खोलकर गायब करा दिये गये । वर्तमान में सरपंच के पति पूर्व कार्यकाल में कारीरात पंचायत के सचिव थे ।

## राहुल गांधी की सजा पर रोक, कांग्रेस कार्यालय में मिष्ठान वितरण



सिवनी यशोः- ''यह सच्चाई और न्याय की जीत, सत्यमेव जयते, नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत'' गुजरात कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा पर रोक लगा दी, अब राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होगी। राहुल गांधी की यह जीत देश के न्याय और सच्चाई की जीत है, उन लोगो के मुँह में करारा तमाचा है जो दबे, कुचले, शोषित वर्ग की आवाज उठाने वालों को किसी भी तरह से दबाना चाहते थे। माननीय सुर्प्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद देश का आम जन भी समझ गया होगा कि सत्ता में बैठे लोग किस तरह से मनमानी पर उतारू है।

राहुल गांधी जी की सजा पर रोक एवं संसद सदस्यता बहाल होने पर जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना की उपस्थिति में समस्त कांग्रेस जनों ने बैंड बाजे, फटाखे के साथ खुशी जाहिर कर मिष्ठान वितरण किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ साजिश आज नाकाम हो गयी है माननीय उच्चतम न्यायालय के न्यायपूर्ण फैसले को धन्यवाद देता हूॅं।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह लल्लू बघेल, मोहनसिंह चंदेल, अतुलचंद मालू, देवीसिंह चैहान, राजेन्द्र सिसोदिया, डालचंद बर्वे, निर्मल निखारे, गेंदलाल भलावी, राजिक अकील, भीष्मप्रतापसिंह अप्पू ठाकुर, राजू सनोडिया, राजेश मानाठाकुर, पंकज बाउसकर, सुमित मिश्रा, विपिन यादव, दीवान आजम अली, संदेश तिव्हन, सुशील ठाकुर, अनिल गगवानी, सागर बघेल, शाहिद रानू, विनोद यादव, अंशुल अवस्थती, जिब्राईल अंसारी, रामकिशोर बघेल, श्रीमति ललिता बघेल, शिबू सेंगर, नब्बू भाई, एड. फिरोज कुरैशी, राजा मुबीन, जोएब जकी अनवर, संदीप चैहान, नमन चैरसिया, वसीम रायल,, मोहसिन खान, टिकेन्द्र देशमुख, धनंजय सिंह, नन्दू यादव, राकेश अग्रवाल, साजिद सज्जू खान, सुजीत गोदरे, जयप्रकाश परिहार, नितिन बघेले, रहीम शाह, अंकुश कांड्डा, माधव बररिया, मोहित मिश्रा, अजय विश्वकर्मा, सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

### कांग्रेस पर्यावेक्षक का आज सिवनी आगमन

**सिवनी यशोः- हिमांचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक श्री कुलदीप सिंह राठौर जी का आगमन दिनांक 6 अगस्त 2023 दिन रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में होने जा रहा है। जहां वे प्रातः 10 बजे सिवनी**

**विधान सभा के वरिष्ठ कांग्रेस जन, मंडलम, से टर, बूथ, ब्लाक अध्यक्ष, मोर्चा,विभाग एवं प्रकोष्ठ, कांग्रेस जनप्रतिनिधि की बैठक लेंगे। तत्पश्चात सिवनी विधानसभा के प्रत्याशी चयन की रायशुमारी के लिए समस्त कांग्रेस जन से मुलाकात कर दोपहर 2 बजे जबलपुर के लिए रवाना होंगे।**

## अप्पू ठाकुर जनपद सदस्य के विरूद्ध लगी याचिका खारिज

सिवनी यशोः- ब्रजेश ठाकुर द्वारा चुनावी हार से दुखित होकर भीष्म प्रताप उर्फ अप्पू जनपद सदस्य को शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किये जाने का आधार लेकर जनपद सदस्य के पद से हटाऐ जाने हेतु कले टर न्यायालय सिवनी से प्रस्तुत आवेदन अंतर्गत धारा 36 मध्यप्रदेश पंचायत राज्य अधिनियम कले टर सिवनी ने निरस्त की।

ज्ञात होवे कि, जनपद पंचायत सिवनी के वार्ड क्रमांक-3 के जनपद सदस्य के प्रतिष्ठपूर्ण चुनाव में हार की खीज को निकालने हेतु ब्रजेश ठाकुर मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 36 के अतंर्गत विजयी अप्पू ठाकुर के विरूद्ध उसे पद से हटाऐ जाने हेतु याचिका कले टर न्यायालय में इस आधार पर प्रस्तुत की कि, अप्पू ठाकुर द्वारा ग्राम चंदौरी की शासकीय भूमि तथा भैरोगंज पी.जी. कॉलेज के पास स्थित शासकीय नजूल भूमि पर जो लगभग 30,00,000/- रूपये (तीस लाख रूपये) की है पर अवैध अतिक्रमण कर अपने पुत्र समर ट्रेडर्स के नाम से व्यवसाय कर रहा है। इस कारण वह वार्ड क्रमांक-3 के जनपद सदस्य के पद पर बने रहने के योग्य नही है उसे पद से हटाया जावे। उसे अपने निर्वाचन के दौरान जमा नाम निर्देशन पत्र के समय झूठा शपथ पेश किया यह भी अपनी याचिका में कहा गया कि, अप्पू ठाकुर की पत्नि निकिता ठाकुर जो वर्तमान में ग्राम चंदौरी कलॉ की सरपंच है उसे भी अनावेदक अप्पू ठाकुर द्वारा अतिक्रमण किये जाने को स्वतः संज्ञान में लेते हुए उसे भी सरपंच पद से पृथक किया जावे।

विद्वान कले टर ने अनावेदक अप्पू ठाकुर की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता प्रमोद सोनी, विनोद सोनी को सुनने के पश्चात पाया कि, ब्रजेश ठाकुर अपनी बात को प्रमाणित नही कर सके कि, जनपद सदस्य अप्पू ठाकुर ने किसी भी शासकीय भूमि पर कोई अतिक्रमण किया है और इस आधार पर अप्पू ठाकुर को जनपद सदस्य के पद से पृथक किये जाने हेतु प्रस्तुत याचिका निरस्त कर दी गई है।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने हितग्राहियों को आवासीय पट्टे किये वितरित

सिवनी यशोः- शुक्रवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला चिकित्सालय में डायलेसिस यूनिट एवं वार्डो का निरीक्षण किया। विधायक श्री राय ने दोपहर 1:30 बजेमु यालय स्थित जिला चिकित्सालय पहुंचकर डायलेसिस यूनिट एवं विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही आपने मरीजों से चर्चा कर बेहतर व्यवस्था हेतु वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों से चर्चा की। इसके पश्चात विधायक श्री राय दोपहर 03:30 बजे महाकालेश्वर बोरदई पहुंचे, जहां पर आपने श्री महाकालेश्वर मानसरोवर धाम मे भगवान भोलेनाथ के दर्शन, पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक श्री राय नगर पालिका के मानस भवन मे राजस्व विभाग द्वारा अपरान्ह 04:00 बजे से आयोजित आवासीय पट्टा वितरण कार्यक्रम मे अतिथि के रुप मे शामिल हुए। जहां कार्यक्रम मे सर्वप्रथम आपके द्वारा मां सरस्वती जी के छयाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा नपा में उपस्थित अन्य अतिथियों के साथ पात्र हितग्राहियों को 151 आवासीय पट्टों का वितरण किया गया।



# भाजपा सरकारों की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को उनके खाते में सीधा मिल रहा है - कुलस्ते

सिवनी यशोः-मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ताओं



### केन्द्रीय मंत्री ने लखनादौन में विधानसभा कार्यकर्त्ता स मेलन को किया संबोधित

का बूथ स्तर तक प्रशिक्षण और समितियाँ बनाने का काम किया गया है वह केवल राजनैतिक दृष्टि से वोट लेने के लिये नहीं बल्कि जन सारोकार और विकास की योजनाओं को छोटे छोटे ग्रामो तक पहुँचाने का माध्यम भी है और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक जि मेदारी से पहुँचाने का सीधा माध्यम भी है । भारतीय जनता पार्टी ने विकास और जनकल्याण के जिस प्राथमिकता से काम किये है वह कांग्रेस की सरकार से उ मीद नहीं की जा सकती हर प्रकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का सीधा लाभ हितग्राहियों के खाते में जा रहा है अब कांग्रेस का वह समय समाप्त हो गया जब एक रूपये में से 85 पैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे । इस आशय की बात केन्द्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने लखनादौन विधानसभा के कार्यकर्त्ता स मेलन में लखनादौन पप्पी लाँन में उपस्थित कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुये कही ।

### भाजपा की सरकारों ने गरीबो का जीवन बदला है - पाटीदार



कार्यकर्त्ता स मेलन को संगठन की संभागीय प्रभारी ने श्रीमती कविता पटीदार ने कहा कि गरीब कल्याण की योजनाएं भाजपा की असली ताकत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र एवं मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने गरीबों का जीवन बदला है। मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश में मु यमंत्री लाडली बहना योजना बनाकर उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और प्रदेश में मु यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुचं रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि आपके समर्पणभाव से भाजपा विधानसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सीटें हासिल करेगी।

श्री कुलस्ते ने कहा कि .पिछले विधानसभा चुनाव में कुछ कमियों के रहते हम इस विधानसभा में जीत



हासिल नहीं कर सके जिसके चलते इस क्षेत्र का विकास जिस गति से होना था वह नहीं हो पाया। किंतु भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में वह सामर्थ्य है कि अगर वह ठान लें तो पत्थर से भी पानी निकाल सकते हैं। आज हम सभी कार्यकर्ताओं को लखनादौन एवं जिले की सभी विधानसभाओं के साथ-साथ पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक जीत हासिल करने का संकल्प लेना है और परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आगमी चुनाव में जुटना है।

केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ने अपने संबोधन प्रदेश में कहा कि 2003 से पूर्व कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी। उस सरकार के मु यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रदेश का बंटाढार कर दिया था। मध्यप्रदेश एक बीमारू राज्य बनकर रह गया था। प्रदेश की इस दुरावस्था के लिए कांग्रेस के नेताओं की सोच जि मेदार थी। कांग्रेस नेतृत्व सोचता था कि हमें विकास नहीं करना है,` योंकि अगर विकास हो जायेगा तो जनता हमें यों पूछेगी ? कांग्रेसी नेता दबाव व झूठ की राजनीति करते हैं और कांग्रेस अब झूठ की गारंटी बनकर रह गई है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल ने बताया कि स मेलन को संबोधित करते हुये भाजपा जिला महामंत्री और विधानसभा प्रभारी जयदीप सिंह चौहान ने कहा कि विधानसभा के प्रत्येक बूथ में भाजपा की समितियों का गठन किया है हर बूथ पर पन्ना समिति और उत्सव प्रमुख बनाये गये है प्रत्येक बूथ में व्हाटसएप ग्रुप बनाने का काम हो रहा है और इन ग्रुपों में हमारी योजनाओं से संबंधित उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी इन जानकारियों को आम मतदाताओं तक पहुँचाने के लिये हम सभी कार्यकर्त्ता पूरी क्षमता से कार्य करें ।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने बताया कि लखनादौन में आयोजित में कार्यकर्त्ता स मेलन का संचालन मंडल अध्यक्ष श्री नाहर पटेल द्वारा किया गया जबकि आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष अनिल गोल्हानी ने किया । इस दौरान प्रमुख रूप से संगठन के जिला प्रभारी अरूण द्विवेदी, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार,विधानसभा विस्तारक अमित वर्मा जिला उपाध्यक्ष विजय उइके ,जिला मंत्री प्रमोद पटेल, विधानसभा संयोजक राजेश पारासर श्रीमती पार्वती उइके, अध्यक्ष जनपद पंचायत लखनादौन,श्रीमती मीना गोल्हानी, अध्यक्ष नगर परिषद लखनादौन, दीपक निगम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लखनादौन श्रीमति विजुसा राजपूत, उपाध्यक्ष नगर परिषद अर्जुन, संदीप उईके जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा गजेन्द्र दुबे, अर्जुन उईके सुभाष यादव राजेश्वरी उईके मुकेश अग्रवाल बंटी वर्मा गुरुदयाल कुशवाहा नीरज शर्मा सचिन पाटकर जनपद सदस्य आदेगांव एवं भाजपा जिला संयोजक नमामि नर्मदे विभाग सिवनी रमाकांत चौक से रिंकू शु ला लेखराम पटेल बनवारी रजक शशिकांत सारोठिया रोहणी गोल्हानी ललित गोल्हानी उत्तम यादव जी मीसाबंदी सोनू पाराशर मदन पटेल पंकज जैन मंसु यादव सहित समस्त आपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

### मतदाता सूची में एक एक नाम प्राथमिकता से जुड़वायें - आलोक दुबे



भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे ने कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा विचार आधारित राजनीतिक दल है, यहाँ सामूहिक नेतृत्व के आधार पर निर्णय होते हैं। भाजपा में कार्यकर्ताओं का स मान सर्वोपरि होता है, यही कारण है कि हमारे कार्यकर्ताओं के लिए संगठन एक परिवार की तरह है। भाजपा के विस्तार और करोड़ों कार्यकर्ताओं को गढ़ने में हमारे पितृपुरुषों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्हीं महापुरुषों के आदर्शो पर चलकर हमारे कार्यकर्ता संगठन के विस्तार और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पणभाव से कार्यरत हैं। श्री दुबे ने जिले में भाजपा सरकार से लाभावित हितग्राहियों के आंकड़े सहित विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि सरकार ने हर क्षेत्र में विकास के उल्लेखनीय कार्य हुये है जिसका लाभ हमारे जिले को भी मिले है । हमारी जि मेदारी है कि यह विकास और जनकल्याण की गति तेजी से आगे बढ़े इसके लिये संकल्प के साथ कार्य में जुट जाये । श्री दुबे ने कहा कि इसके साथ ही हमें जिले में मतदाता सूची का जो हर से टर में वाचन हो रहा है उसमें जो नाम गलत जुड़े है उन्हें कटवाना और जो नाम जुड़ने से वंचित रहे गये है उन्हें जुड़वाने के कार्य में सक्रियता से जुटना है ।

### जबरन नॉलेज



## एडवांस प्रिसिजन इंजीनियरिंग के 74 प्रशिक्षणार्थियों को मिला जॉब ऑफर लेटर



भोपाल। संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क सिटी के पस भोपाल में संचालित एडवांस प्रिसिजन इंजीनियरिंग के एक वर्षीय सर्टिफिकेशन कोर्स के पाँचवें बैच के 74 प्रशिक्षणार्थियों का चयन रिजल्ट आने के पूर्व ही विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय क पनियों में हुआ है। अपर मु य सचिव तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास श्री मनु श्रीवास्तव ने गुरुवार को इन प्रशिक्षणार्थियों को जॉब ऑफर लेटर सौंपे। संस्था के लगभग 98 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थियों का प्लेसमेंट होना, स्किल क्षेत्र की उपयोगिता को सिद्ध करता है। ग्लोबल स्किल पार्क का मु य के पस 36 एकड़ में नरेला शंकरी में निर्माणाधीन है। पार्क अे टूबर 2023 से प्रारंभ किया जायेगा, इसमें छात्रावास और अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ प्रतिवर्ष लगभग 6 हजार युवाओं को 8 विभिन्न से टर में प्रशिक्षण मिलेगा। युवाओं को मेकेट्रॉनि स, मोबाइल इले ट्रॉनि स, पॉवर एण्ड कंट्रोल, नेटवर्क एण्ड सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयरकंडीशनिंग, मेकेनिकल एण्ड इलैों ट्रकल सर्विसेस, ऑटोमोटिव आदि में उन्नत प्रशिक्षण दिया जायेगा।

संचालक, ग्लोबल स्किल पार्क श्रीमती शीतला पटले ने बताया कि एसएसआर ग्लोबल स्किल पार्क का सिटी के पस मध्यप्रदेश शासन के एक पॉयलेट प्रोजे ट के रूप में वर्ष 2019 में एडवांस प्रिसिजन इंजीनियरिंग के साथ शुरू किया गया था। के पस में प्रशिक्षणार्थियों को उद्योगों की मांग के अनुरूप एडवांस मशीन्स पर प्रायोगिक प्रशिक्षण के साथ सॉ ट स्किल और ऑन द जॉब प्रशिक्षण भी दिया जाता है। के पस से प्रशिक्षण प्राप्त युवा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हेवी इंजीनियरिंग उद्योगों में अपनी प्रतिभा सिद्ध कर रहे हैं। पार्क के सीनियर डायरे टर श्री शमीमुद्दीन ने बताया कि इस बैच के लिये एक से 8 मई 2023 के बीच की गई प्लेसमेंट ड्राइव में 12 क पनियाँ, ओमेगा रेंक, जेबीएम, जैवल एयरो स्पेस, हर्षा इंजीनियरिंग, एड्रॉइट, वेलस्पन, वेकमेट, वॉल्वो आइशर, इंडिया बंजी, लाइट गाइड, परिधि इण्डस्ट्रीज, श्रीराम एयरो स्पेस ने भाग लिया था।

एसएसआर ग्लोबल स्किल पार्क और बीएचईएल भोपाल के मध्य हुए एमओयू से पार्क में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थियों को बीएचईएल में ऑन द जॉब ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

# टुकड़े-टुकड़े पाकिस्तान भाग - 2.

### 14 अगस्त 1947 को पाकिस्तान बनने के बाद, पाकिस्तान का सबसे बड़ा और सबसे घनी बसाहट वाला प्रदेश (राज्य) था ङ्क पूर्वी बंगाल. पाकिस्तान के खाते में रेड लीफ़ ने बंगाल का पूर्वी हिस्सा दिया था, जबकि भारत को पश्चिमी बंगाल मिला था.




- प्रशांत पोळ

मजेदार बात देखिये – पाकिस्तान का जन्म जिसके कारण हुआ, उस मुस्लिम लीग की स्थापना हुई बंगाल में. 30 दिसंबर 1906 को, जब बंग – भंग का आंदोलन अपने चरम पर था, तब ढाका के नवाब सलिमुल्ला खान ने मुस्लिम लीग की स्थापना की थी. इसके गठन में मुह मद अली जिन्ना, आगा खान (तृतीय), वाजा सलिमुल्लाह और हाकिम अजमल खान शामिल थे.

पाकिस्तान बनने की प्रक्रिया में, सबसे बड़ी भूमिका रही, बंगाल के 'डायरे ट ऐ शन डे' की. अलग से पाकिस्तान बनाने पर ज़ोर देने के लिए बंगाल की मुस्लिम लीग सरकार ने 16 अगस्त, 1946 को डायरे ट ऐ शन डे की घोषणा की. बंगाल के मुस्लिम लीग के मु यमंत्री थेशहीद सुहारवर्दी. इन्होने कलकत्ता में, एक ही दिन, दस हजार हिंदुओं का नरसंहार कर खून की नदियां बहा दी. बस, यही टर्निंग पॉइंट था, जिसके कारण काँग्रेस झुक गई. पहले अखंड भारत की बात करने वाली काँग्रेस, इस 'डायरे ट ऐ शन डे' के हत्याकांड से सहम गयी, डर गयी और फिर 3 जून 1947 को जब माउंटबेटन ने विभाजन के साथ स्वतंत्रता का प्रस्ताव रखा, तो काँग्रेस ने तुरंत अपने कार्यकारणी की दिल्ली में बैठक बुलाई. 14 और 15 जून, 1947 को संपन्न हुए इस काँग्रेस कार्यकारिणी ने भारत के विभाजन के प्रस्ताव को स्वीकार किया और पाकिस्तान बनने का रास्ता साफ हुआ. अर्थात पाकिस्तान की निर्मिति में बंगाल का बहुत बड़ा योगदान था. लेकिन पाकिस्तान की कल्पना जिस व्यक्ति ने सबसे पहले की थी, 'पाकिस्तान' यह नाम जिस व्यक्ति ने सबसे पहले सुझाया, उस रहमत अली की कल्पना में पाकिस्तान के गठन में बंगाल कही नहीं था.याने पाकिस्तान बनने के बाद, उसके सबसे बड़े राज्य 'पूर्व बंगाल' का कोई भी उल्लेख 'पाकिस्तान' के नाम में नहीं था... !लेकिन पाकिस्तान के निर्माण में और नए पाकिस्तान की रचना में बंगाल का हिस्सा बड़ा था. पाकिस्तान के गठन के लिए, 11 अगस्त 1947 को पाकिस्तानी कोंस्टीट्यूएंट असेंबली की पहली बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता कर रहे थे, जोगेन्द्र नाथ मण्डल. ये बंगाल से थे. पूर्व बंगाल के कीर्तनखोला नदी के किनारे बसे बारिसाल गांव में वें पले ङ्क बढ़े.

पाकिस्तान सरकार का पहला मंत्रिमंडल बना, उनमे प्रमुख मंत्री रहे हमीदुल हक चौधरी भी पूर्व पाकिस्तान से थे, जो बाद में विदेश मंत्री बने. बंगाल के ही सर वाजा नझिमुद्दीन, पाकिस्तान के पहले मंत्रिमंडल में मंत्री रहे, जो बाद में सन 1951 में डेढ़ वर्ष के लिए पाकिस्तान के दूसरे प्रधानमंत्री भी रहे. पाकिस्तान के तीसरे प्रधानमंत्री मोह मद आली बोगरा भी पूर्वी बंगाल से थे.पाकिस्तान के पांचवे प्रधानमंत्री भी बंगाल से थे, शहीद सुहरावर्दी. डायरे ट ऐ शन डे के कारण (कु) प्रसिध्द. उस समय वे अखंड बंगाल के मु यमंत्री थे.

पाकिस्तान में बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले अंतिम प्रधानमंत्री थे, नुरुल अमीन. पाकिस्तान के इतिहास में सबसे कम समय प्रधानमंत्री रहने का कीर्तिमान इनके नाम पर हैं. ये 13 दिन के प्रधानमंत्री तब बने, जब पूर्वी बंगाल में 'मुक्ति ङ्क वाहिनी' द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ छपामार युध्द जारी था, और पाकिस्तान ङ्क भारत के बीच में भी युध्द छिड़ गया था. लेकिन नुरुल अमीन, बंग्लादेश के लिए आंदोलन चलाने वाले अवामी लीग से नहीं थे. वे पाकिस्तानी मुस्लिम लीग पार्टी के सदस्य थे. अवामी लीग के आंदोलन को और उनके नेता शेख मुजीबुर्र रहमान को शह देने के लिए, अमीन साहब को प्रधानमंत्री बनाया गया था, जो कुछ वर्ष पहले विधानसभा का चुनाव भी हार चुके थे.अर्थात, 14 अगस्त 1947 को, पाकिस्तान बनने के बाद से और पूर्वी बंगाल, पाकिस्तान का सबसे बड़ा राज्य बनने के बाद, लगभग 1971 तक (अर्थात पूर्वी बंगाल का, 'बंगला देश' के रूप में उदय होने तक), पाकिस्तान के शासन प्रणाली में पूर्वी बंगाल को प्रतिनिधित्व मिला. लेकिन पाकिस्तान की राजधानी पहले कराची और बाद में रावलपिंडी होने के कारण, नियंत्रण हमेशा पश्चिम पाकिस्तान के हाथों में ही रहा.

यद्यपि पाकिस्तान के बनने में बंगाल की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण थी, किन्तु बांग्ला संस्कृति और पश्चिम पाकिस्तान की सिंधी ङ्क पंजाबी संस्कृति में जमीन आसमान का अंतर था. भाषा अलग थी, वेषभूषा अलग थी, खान-पान अलग था, रीति ङ्क रिवाज भी अलग थे. इसलिए एक ही धर्म के होने के बाद भी पूर्व पाकिस्तान के बंगाली समुदाय से पश्चिम पाकिस्तानियों की कभी नहीं पटी.पाकिस्तान बनने के बाद, मार्च 1948 में कायदे आजम जिन्ना ने पूर्वी पाकिस्तान (अर्थात पूर्वी बंगाल) का दौरा किया. 19 मार्च को वे ढाका में आए और 24 मार्च को उन्होंने ढाका यूनिवर्सिटी के कर्जन हॉल में विद्यार्थियों को संबोधित किया. सारे विद्यार्थी बांग्ला भाषिक थे. जिन्ना तो बांग्ला जानते नहीं थे. वे तो उर्दू भी ठीक से नहीं बोल पाते थे. इसलिए उन्होंने अंग्रेजी में भाषण दिया.

भाषण का सार था, 'पाकिस्तान में केवल उर्दू चलेगी. उर्दू इस एक भाषा से सारा पाकिस्तान जुड़ेगा.÷ केवल यूनिवर्सिटी ही नहीं, तो जीना ने 21 मार्च को ढाका के रेसकोर्स मैदान (वर्तमान में ङ्क सुहारावर्दी उद्यान) पर आयोजित स्वागत समारोह में भी यही बात कही. उनके इस अंग्रेजी भाषण के शब्द थे

(मैं आपको यह स्पष्ट करना चाहता हूँ, की पाकिस्तान की राजभाषा कोई दूसरी और नहीं, तो उर्दू ही होगी. (इस संदर्भ में) जो भी आपको गुमराह करने की कोशिश करेगा, वह पाकिस्तान का दुश्मन होगा. किसी एक राजभाषा के बगैर कोई भी राष्ट्र मजबूती से न तो जुड़ सकता हैं, और न ही काम कर सकता हैं. जरा और देशों का इतिहास भी देखिए. इसलिए, पाकिस्तान की राजभाषा का प्रश्न हैं, तो वह उर्दू ही हैं.)

वापस कराची जाते समय भी उन्होंने 28 मार्च को, ढाका रेडियो स्टेशन पर 'केवल उर्दू' इस पॉलिसी को देहराया **(क्रमशः)....**

# जिहादी आमिर खान की प्रताड़ना से परेशान नाबालिग ने दी जान

### घटना 30 जुलाई की दोपहर की है. जब कक्षा 12वीं में पढने वाली 16 वर्षीय छात्रा निशा कुशवाह ने अपने पड़ोसी आमिर खान द्वारा छेड़छाड़ और चरित्र बदनामी से परेशान होकर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.



लटेरी/विदिशा -विदिशा के नूह - मेवात में बदलते क्षेत्र लटेरी तहसील के वार्ड 15 में एक हिन्दू नाबालिग युवती द्वारा आत्महत्या कर ली गई. यह युवती अपने जिहादी मानसिकता वाले पड़ोसी ऑटो चालक आमिर खान और उसके परिवार की प्रताड़ना से परेशान थी.

घटना 30 जुलाई की दोपहर की है. जब कक्षा 12वीं में पढने वाली 16 वर्षीय छात्रा निशा कुशवाह ने अपने पड़ोसी आमिर खान द्वारा छेड़छाड़ और चरित्र बदनामी से परेशान होकर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. आत्महत्या से कुछ देर पहले ही उसने अपने परिजनों को आमिर द्वारा परेशान करने की बात कही थी. आमिर और उसके परिजनों द्वारा हिन्दू युवती को लगातार परेशान किया जा रहा था. आमिर उससे दोस्ती करने और उसके साथ स बन्ध बनाने का दबाव बनाता था. इसी क्रम में लगभग तीन महीने पहले आरोपी आमिर उसकी मां शमीम बानो, बहनें तन्वी, अ बरीन, सिमरन और भाई अरबाज ने मृतिका के घर आकर उसके परिजनों से मारपीट भी की एवं मृतिका पर चारित्रिक लांछन लगाते उसे और उसके परिवार को बदनाम करने की धमकियाँ भी दी गई थीं.

मृतिका निशा उसके बाद से ही गुमसुम और डरी हुई रहने लगी थी. पढाई में होशियार निशा को स्कूल छूटने का भी डर था. इतने सब के बाद भी आमिर ने निशा का पीछा करना नहीं छोड़ा, आए दिन स्कूल आते जाते उस पर अपत्त्तिजनक टिप्पणियां करता था. इन सब घटनाओं से मानसिक त्रस्त हो निशा ने यह कदम उठाया. घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव है छात्रा के परिजनों और हिन्दू समाज द्वारा घटना के बाद चक्काजाम और विरोध प्रदर्शन कर आरोपी परिवार पर कार्यवाही करने की मांग की गई.

निशा आत्महत्या प्रकरण में परिवार द्वारा 8 लोगों के विरुद्ध शिकायत की गई थी जिनमें से 4 की गिर तारी पुलिस द्वारा अभी तक की गई है. इस पूरे प्रकरण में पीड़ित परिवार द्वारा पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं. घटना के बाद से परिवार द्वारा इस घर को बेचने का फैसला करते हुए दीवार पर ÷यह घर बिकाऊ है÷ की सूचना भी लिखवा दी गई है. परिवार के अनुसार उसकी अन्य जमीन पर भी एक मुस्लिम परिवार ने कब्ज़ा कर रखा है. इस पुरे मोहल्ले में केवल 2 ही हिन्दू घर हैं और घटना के बाद से वह काफुई डरे हुए हैं योंकि यहाँ के संगठित मुस्लिम उन्हें निशाना बना सकते हैं इसलिए वह घर बेचकर दूसरी जगह जाने को मजबूर हैं.

बता दें की सिरोंज लटेरी क्षेत्र का यह भाग आए दिन इस तरह ही घटनाओं से चर्चा में बना हुआ है. मुस्लिम दबंगों द्वारा हिन्दू अनुसूचित और पिछड़ी जाति के लोगों पर भी इस पूरे क्षेत्र में अत्याचार की खबरे आती रहती हैं. कभी अनुसूचित जाति के सरपंच पति संतराम वाल्मीकि की दिन दहाड़े ट्रै टर चढ़ाकर नृशंस हत्या कर दी जाति है तो कभी वन विभाग के अमले पर घेरकर जानलेवा हमला किया जाता है. पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे लोगों को भी निशाना बनाया जाता है कुछ समय पहले बजरंग दल के प्रान्त संयोजक और ऊनके साथियों पर भी प्राणघातक हमला किया जा चुका है. आए दिन जिहादी तत्वों द्वारा किए जाने वाले दुस्साहस के चलते यह क्षेत्र भी हरियाणा के नूह मेवात की रह बढ़ चला है.

## बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के 3 जलाशयों की सँवरेगी तस्वीर

### आयुष राज्य मंत्री श्री कावरे की पहल पर 1.21 करोड़ रूपये की मिली मंजूरी



भोपाल। आयुष राज्य मंत्री श्री रामकिशोर %नानो% कावरे ने बताया है कि बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के 3 जलाशयों की मर मत और सुदृढ़ीकरण के लिये एक करोड़ 21 लाख रूपये की मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि अहमदपुर जलाशय की मर मत के लिये 17 लाख 94 हजार, शेरपार जलाशय के लिये 64 लाख 39 हजार और बन्ना जलाशय के लिये 38 लाख 98 हजार रूपये की मंजूरी राज्य शासन से मिल गई है। उन्होंने कहा कि जहाँ-जहाँ कटाव हुआ है, वहाँ मर मत की जायेगी।

राज्य मंत्री श्री कावरे ने बताया कि राज्य सरकार किसानों के हितों को देखकर लगातार कार्य कर रही है। किसानों को कृषि कार्य के लिये शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 40 वर्षों से बंद पड़ी सातनारी सिंचाई परियोजना में 146 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिल गई है। अब परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 55 गाँव में नई टे नालॉजी से खेतों में पानी पहुँचेगा। उन्होंने बताया कि बगलीपाठ और उससे लगे 30 गाँव के लिये माइक्रो सिंचाई परियोजना के लिये 181 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति लेने के ठोस प्रयास किये जा रहे हैं।

**परसवाड़ा कॉलेज में बनेगा ऑडिटोरियम**

राज्य मंत्री श्री कावरे ने कहा कि रानी दुर्गावती महाविद्यालय परसवाड़ा में ऑडिटोरियम बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय में 2 करोड़ 25 लाख रूपये की आधुनिक प्रयोगशाला के लिये प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। इस मौके पर राज्य मंत्री का अभिनंदन किया गया।

**खैरलांजी में विकास कार्यों का भूमि-पूजन**

राज्य मंत्री श्री कावरे ने आज विकास पर्व के दौरान परसवाड़ा क्षेत्र के ग्राम खैरलांजी और सरेखा में एक करोड़ 14 लाख रूपये के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया। उन्होंने सीएलएफ भवन, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, उचित मूल्य दुकान और सभा मंच निर्माण का भूमि-पूजन किया। राज्य मंत्री ने इस मौके पर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याएँ सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।

# ग्राम पंचायत सचिवों को नियमित शासकीय सेवकों की तरह सुविधा मिलेगी

**ग्राम पंचायत सचिव, सरकार और ग्राम पंचायत के बीच सेतु की तरह**

**ग्राम पंचायत सचिवों की कठिनाइयाँ दूर होंगी**



भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत और सरकार के बीच सेतु की तरह कार्य करते हैं। वे सरकार को गाँव की सरकार से जोड़ते हैं। उनके कार्य में निरंतरता होती है। ग्राम पंचायत सचिव ही अनेक महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करते हैं। आज मध्य प्रदेश आवास योजना, नल-जल योजना और अन्य योजनाओं में अग्रणी है। कोविड काल में भी ग्राम पंचायत सचिवों ने लगातार कार्य किया। हाल ही में प्रारंभ की गई मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना को बहुत कम समय में धरातल पर उतारने में ग्राम पंचायत सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी मेहनत और ईमानदारी सराहनीय है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गाँव को विकसित, सुविधा संपन्न और आत्म-निर्भर बनाने में ग्राम पंचायत सचिव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह विकसित भारत के लिए भी आवश्यक है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने आज भोपाल के लाल परेड मैदान में पंचायत सचिव स मेलन में पंचायत सचिवों के हित में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों को नियमित कर्मचारियों की तरह विभिन्न सुविधाएँ दी जाएगी।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिव, हितग्राहियों को पेंशन दिलवाने और अन्य योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सजग रहते हैं। उन्होंने आशा की कि पंचायत सचिव निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, स्वच्छ भारत मिशन और रोजगार गारंटी योजना सहित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में कुशलता के साथ कार्य करते हुए अच्छे परिणाम लाएंगे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज समरसता के वातावरण के साथ विकास आवश्यक है और ग्राम पंचायत सचिव इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

**ग्राम पंचायत सचिव स मेलन में की गई घोषणाएँ**

***ग्राम सचिवोंको 1 तारीख को ही वेतन मिलना सुनिश्चित किया जाएगा।**

***पंचायत सचिवों को सातवें वेतनमान का लाभ तत्काल प्रभाव से मिलेगा।**

***पंचायत सचिवों को समयमान वेतनमान भी दिया जाएगा।**

***पंचायत सचिव की असामयिक मृत्यु पर आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी, इसके लिए नियम सरल बनाए जाएंगे।**

***ग्राम पंचायत सचिवों को पीसीओ (पंचायत समन्वयक अधिकारी) के पदों पर नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।**

***ग्राम पंचायत सचिवों को 5 लाख का दुर्घटना बीमा दिया जाएगा।**

***ग्राम पंचायत सचिवों को शासकीय सेवकों की तरह अवकाश एवं अन्य सुविधाएँ मिलेगी।**

***ग्राम पंचायत सचिवों को नियमित कर्मचारियों की तरह सुविधा देने के लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ कर पूर्ण की जाएगी। न्यू पेंशन का लाभ भी नियमित कर्मचारियों की तरह दिया जाएगा।**

***पंचायत सचिवों को सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त तीन लाख रुपए की राशि दी जाएगी।**

प्रारंभ में भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी श्री मधुकर सांवले ने कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में मु यमंत्री श्री चौहान जैसा जननायक नहीं देखा। हाल ही में उन्होंने रोजगार सहायकों का वेतन 9 हजार से बढ़ाकर 18 हजार मासिक किया है। किसी वर्ग या श्रेणी का वेतन दोगुना करने का यह अनूठा उदाहरण है, जिसकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। मु यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश प्रगति कर रहा है। कर्मचारी हित के उनके निर्णय अभिनंदनीय हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री राम खेलावन पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों के सुझावों पर मु यमंत्री श्री चौहान ने सकारात्मक निर्णय लिए हैं। उनके शब्दकोश में असंभव शब्द नहीं है। स मेलन में मु यमंत्री श्री चौहान का विशाल पुष्प-हार पहना और गदा भेंट कर स मान किया गया। उन्हें साफा भी बांधा गया।

**दिवंगत पंचायत कर्मचारी को श्रद्धांजलि**

मु यमंत्री श्री चौहान ने पंचायत सचिव स मेलन में उन दो पंचायत सचिवों को भी श्रद्धांजलि दी जिनका असामयिक निधन हो गया है। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि असमय दिवंगत कर्मचारी के परिवारों को 10-10 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री रमेश चंद्र शर्मा, निर्धन वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री शिव चौबे, श्री बाल मुकुंद पाटीदार, श्री विनोद शर्मा श्री निरंजन जी के अलावा अपर मु य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मलय श्रीवास्तव और पूरे प्रदेश से आए ग्राम पंचायत सचिव बड़ी सं या में उपस्थित थे।

## खोले गए बरगी डैम के 15 गेट, नर्मदा किनारे बसे शहरों में बाढ़ का अलर्ट

भोपाल। मध्य प्रदेश के जबलपुर सहित नर्मदा किनारे बसे शहरों में बाढ़ का अलर्ट है. रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना (बरगी बांध) के वाटर लेवल को नियंत्रित करने के लिए आज खोल दिये गए. बांध से पानी छोड़े जाने से निचले क्षेत्र में नर्मदा नदी के जल स्तर में 30 से 36 फुट तक की बढ़ोतरी हो सकती है.

जबलपुर में बने बरगी डैम के 21 में से 15 गेट 1.76 मीटर की ऊंचाई तक खोलने का निर्णय परियोजना प्रशासन ने लिया है. कार्यपालन यंत्री (बरगी बांध) अजय सूरे ने बताया कि जलग्रहण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण बरगी बांध का जलस्तर बढ़ता जा रहा है. गुरुवार की दोपहर इसका वाटर लेवल 420 मीटर हो गया था. बांध का अधिकतम वाटर लेवल 422.76 मीटर है. फिलहाल बांध में 13 हजार घन मीटर जल की आवक हो रही है. इसे देखते हुए आज गुरुवार 3 अगस्त की रात 8 बजे से लगभग 4 हजार 017` यूबिक ( 1 लाख 41 हजार 860` यूसेक) जल की निकासी की जायेगी.

**पानी छोड़े जाने से बढ़ सक्ति है जल स्तर**

कार्यपालन यंत्री सूरे के मुताबिक बांध से पानी छोड़े जाने से निचले क्षेत्र में नर्मदा नदी के जल स्तर में 30 से 36 फुट तक की बढ़ोतरी हो सकती. उन्होंने निचले क्षेत्र के रहवासियों से नर्मदा नदी के घाटों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने का अनुरोध किया है. सूरे ने बताया कि बांध में पानी की आवक को देखते हुए जल निकासी की मात्रा घटाई या बढ़ाई भी जा सकती है.

**शासन-प्रशासन है मुस्तैद**

बरगी डेम के गेट खोलने से जबलपुर के साथ नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, रायसेन, सीहोर, खंडवा जिले में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ की संभावना को देखते हुए शासन-प्रशासन भी मुस्तैद है.

## सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग में से पल एवं टेस्टिंग अत्यंत गंभीरता से करें - कले टर

मंडला यशोः- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशन में ज़िले में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग, टेस्टिंग एवं सैंपलिंग का कार्य जारी है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होने निर्देशित किया कि सिकल सेल एनीमिया की सैंपल एवं टेस्टिंग अत्यंत गंभीरता से करें। इसके लिए आवश्यक होने पर समय-समय पर अमले का प्रशिक्षण भी करें। कले टर ने कहा कि अमले को जरूरी ट्रेनिंग दें। साथ ही सैंपल कले शन टेस्ट एवं रीडिंग की भी जानकारी दें। बैठक में आईसीएमआर संस्थान से भी विशेषज्ञ जुड़े। कले टर ने निर्देशित किया की स्क्रीनिंग के साथ-साथ इनके रिकॉर्ड संधारण की समुचित व्यवस्था करें। सिकल सेल एनीमिया की टेस्टिंग के दौरान पॉज़िटिव पाए गए व्यक्ति का ट्रैक रिकॉर्ड रखने तथा उनकी ट्रैकिंग करते हुए उनका समुचित इलाज एवं काउंसलिंग भी करें।

**सहायक कले टर अर्थ जैन करेंगे मॉनिटरिंग**

सिकलसेल एनीमिया तथा ज़िले में चल रहे स्क्रीनिंग कार्य के लिए सहायक कले टर अर्थ जैन नोडल हैं। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशानुसार सहायक कले टर अर्थ जैन नियमित रूप से स्क्रीनिंग, सैंपलिंग एवं टेस्टिंग कार्यों की मॉनिटरिंग करेंगे। बैठक में नोडल अधिकारी अर्थ जैन ने पीपीटी के माध्यम से आगामी दिनों में टेस्टिंग से से पल कले शन की प्रक्रिया की प्लानिंग समझाई। उन्होंने कहा कि सभी से पलिंग के पश्चात आभा आईडी अनिवार्यतः क्रिएट करें तथा संबंधित व्यक्ति का ट्रैक रिकॉर्ड बनाते समय गंभीरता से उनके नाम लिखें। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सिकलसेल एनीमिया के स्क्रीनिंग कार्य के लिए अनेक सहयोगी संस्थाएं भी जुड़ी हुई हैं जो सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग के दौरान जागरूकता एवं आवश्यक प्रशिक्षण के लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करेगी।

# पानी से घिरा घर, दो लोगों ने छत पर गुजारी रात





**रामनगर पुल डूबा, घुघरी मार्ग पर आवागमन बाधित**

मंडला यशोः- बंगाल की खाड़ी और बांग्लादेश के ऊपर बने अपदाब के कारण मंगलवार से ही मंडला जिले में भारी बारिश हो रही है। बीते 48 घंटों के दौरान मंडला में 6 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। इससे बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं और लोगों की जान आफत में आ गई है। चौकी अंजनिया के अंतर्गत मटियारी डैम से बुधवार रात पानी छोड़ने के कारण ग्राम माधोपुर के एक घर में पानी घुस गया। इस कारण पूरा परिवार के दो लोग फंस गए। उन्होंने घर की छत रात गुजारी। गुरुवार सुबह सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम पहुंची। घर के दो सदस्यों व मवेशियों को रेस्‍ यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

**6 बकरी व बछड़ा भी निकाला**

इस सूचना पर एसडीआरएफ प्लाटून कमांडर हेमराज परस्ते अपने स्टाफ के साथ ग्राम माधोपुर पहुंचे। उनकी टीम ने नाव की मदद से चंद्रशेखर मरावी (55) एवं दिनेश्वरी मरावी (30) सहित 6 बकरी, 1 बछड़े का रेस्‍ यू किया। रेस्‍ यू कार्य में प्लाटून कमांडर हेमराज परस्ते, सेनिक श्याम मेडा, बाबूलाल गोयल, संदीप कुलहरे एवं राहुल नंदा मौजूद रहे।

**दो नालों के बीच फंसी ब्लड डोनेशन टीम, शिविर रद्द**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव में रक्तदान शिविर का आयोजन था। शिविर के लिए जिला अस्पताल से रवाना हुई ब्लड डोनेशन टीम दो नालों पटपरा नाला और बकछेरा नाला के बीच फंस गई है। इस वजह से रक्तदान शिविर रद्द कर दिया गया है।

**बारिश के बीच कले टर एवं एसपी ने किया घाटों का निरीक्षण**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं एसपी रजत सकलेचा ने विगत दिनों से ज़िले में हो रही लगातार बारिश के मद्देनज़र रपटाघाट सहित मु यालय के प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से चर्चा करते हुए उन्हें जरूरी इंतजामों के साथ सुरक्षित रहने की समझाईश दी। कले टर ने आमजनों से कहा कि सभी लोग बारिश के दौरान अपने घरों में सुरक्षित रहें। रपटाघाट सहित अन्य दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में न जाएं तथा ख़तरनाक स्थानों पर सेल्फी ना लें। कले टर एवं एसपी ने इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं बारिश के दौरान जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की मीडिया को जानकारी भी दी।

कले टर एवं एसपी ने लगातार बारिश के बीच जिला मु यालय के अलग-अलग घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रंगरेज घाट, वाल्मीकि घाट, चुरामन घाट, किलाघाट, नावघाट आदि घाटों का जलस्तर देखा और स्थानीय लोगों को जलमग्न घाटों पर न जाने की अपील की।

**4 एवं 5 अगस्त को विद्यार्थियों के लिए अवकाश**

भारी वर्षा की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने छात्रहित को ध्यान में रखते हुए 4 एवं 5 अगस्त 2023 को कक्षा पहली से 12वी तक संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया है। अवकाश के कारण बाधित शैक्षणिक पाठ्यक्रम की पूर्ति अन्य कार्यदिवसों में अतिरिक्त कालखंड लगाकर की जाएगी। जारी आदेश के तहत शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर शालेय अभिलेखों एवं नवीन शिक्षा सत्र संबंधी आवश्यक तैयारियाँ एवं कार्य पूर्ण करेंगे।

## विकास पर्व: जि.पंचा. अध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मंडला यशोः-16 जुलाई से 14 अगस्त तक विकास पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में 3 अगस्त 2023 को ग्राम पंचायत खमरोटी में स मिलित ग्राम लपटी, देई, केवलारी, नेवसाभपसा, बुडला, खमरोटी, दानीटोला में लोकापर्ण एवं भूमिपूजन किया गया। विकास पर्व अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं द्वारा सीसी रोड सोनू विश्वकर्मा के घर से सोनू यादव के घर तक भोंदा लपटी स्वीकृत राशि 6.020 (लोकार्पण), सीसी रोड देवलाल के घर से शंकर के घर तक देई स्वीकृत राशि 3.94 लाख (लोकार्पण), सीसी रोड लखन के घर से नवल के घर तक केवलारी स्वीकृत राशि 4.65 लाख (भूमिभूजन), सीसी रोड रामसिंह के घर से माहू विश्वकर्मा के घर तक नेवसाभपसा स्वीकृत राशि 5.22 लाख (लोकार्पण), सीसी रोड लक्ष्मण पंद्रे के घर से नहर तक बुडला स्वीकृत राशि 5.14 लाख (भूमिपूजन), सीसी रोड डीलन के घर से मुन्नाद उइके के घर तक स्वीकृत राशि 7 लाख (लोकार्पण) कुल 37.98 लाख के कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनपद सदस्य नीलकण्ड मरकाम, सरपंच/उपसरपंच ग्राम पंचायत लपटी, देई, केवलारी, नेवसाभपसा, बुडला, खमरोटी, दानीटोला प्रभारी अधिकारी दयालसिंह पूसाम, सहायक विकास विस्तार अधिकारी एवं ग्राम पंचायत लपटी, देई, केवलारी, नेवसाभपसा, बुडला, खमरोटी, दानीटोला के स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## दस्तक अभियान के तहत आज 28084 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई

मंडला यशोः- सघन दस्त रोग, नियंत्रण पखवाड़ा एवं दस्तक अभियान का प्रथम चरण 18 जुलाई से शुरूवात हो गया है जो 31 अगस्त 2023 तक चलेगा। इसके अंतर्गत 0 से 5 साल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, बीमारियों की पहचान, जांच, उपचार एवं रेफरल सेवाएं दस्तक दल द्वारा प्रदान की जा रही है। इसी तारत य में एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता के द्वारा घर-घर दस्तक देकर 28084 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

बाल्यकालीन बीमारियां जैसे- गंभीर एनीमिया बच्चों का इलाज, हीमोग्लोबिन की जांच, गंभीर कुपोषण के बच्चों को एनआरसी में भर्ती एवं एसएनसीयू एवं एनआरसी से छुट्टी से प्राप्त बच्चों की जांच एवं फॉलोअप करना, आयु अनुसार 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए अनुपूरक देना, रेफरल समस्त 11 प्रकार की सेवायें प्रदान की जायेगी। दस्तक दल घर-घर जाकर चैकलिस्ट अनुसार जानकारी सुपरवाईजर के पर्यवेक्षण रिर्पोटिंग समय सीमा में किया जाना है।

## रेस्‍ यू कर महाराजपुर में फसे 8 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

मंडला यशोः- नर्मदा नदी की बाढ़ में फसे उपनगर क्षेत्र महाराजपुर के 8 लोगों को रेस्‍ यू किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदा के बढ़ते जल स्तर के कारण निचली बस्तियों में बाढ़ का पानी भर गया है। महाराजपुर के मंडलेश्वर मंदिर के निकट बाढ़ के पानी में 8 लोगों के फसने की सूचना प्राप्त होने पर होमगार्ड की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी 8 लोगों को रेस्‍ यू कर सकुशल बाहर निकाला। इस दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक



रजत सकलेचा सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। रेस्‍ यू हुए लोगों ने जिला प्रशासन एवं होमगार्ड की टीम द्वारा पहुंचाई गई त्वरित मदद के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लगातार बारिश के बीच विद्युत विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए भरसक प्रयास जारी



मंडला यशोः- कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग ने बताया कि ज़िले में विगत दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण बिछिया क्षेत्र, मनेरी-निवास मार्ग एवं मनेरी सहित अन्य स्थानों पर पेड़ आदि गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। उन्होंने बताया कि विद्युत कर्मियों द्वारा लगातार बारिश के बीच भी बिजली सप्लाई री-स्टोर करने के भरसक प्रयास किए गए। इस दौरान बिजली कर्मियों ने गिरे पेड़ों को स्वयं एवं वाहनों से हटाया एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की।

## 5 अगस्त को बिछिया 6 अगस्त को मंडला में आयोजित होंगे भाजपा के विधानसभा स मेलन।

### केंद्रीय मंत्री कुलस्ते प्रदेश उपाध्यक्ष महाजन विधानसभा जिला विस्तारक मिश्रा रहेंगे उपस्थित।

मंडला यशोः- प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में मंडला जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा कार्यकर्ता स मेलन आयोजित होंगे भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि छः अगस्त को मंडला विधान सभा का कार्यकर्ता स मेलन भाजपा कार्यालय में आयोजित होगा पांच अगस्त को वनवासी कल्याण आश्रम में बिछिया विधान सभा का कार्यकर्ता स मेलन 13 अगस्त को निवास विधान सभा का स मेलन आयोजित होंगे स मेलन में मंडल के पिछले व आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत संवाद होगा इस अवसर पर मंडला सांसद केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जिला प्रदेश उपाध्यक्ष श्री श्याम महाजन भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी विधान सभा जिला विस्तारक श्री चंद्रप्रकाश मिश्रा जिला संयोजक श्री रतन ठाकुर विधायक श्री देव सिंह सैयाम, आकांक्षी विधायक डॉ शिवराज शाह,श्री रामप्यारे कुलस्ते सहित विधान सभा क्षेत्र के सभी श्रेणी के कार्यकर्ता पदाधिकारी पूर्व सांसद पूर्व विधायक एवम जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### फसल बीमा की अंतिम तिथि अब 16 अगस्त

मंडला। प्र.उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा खरीफ-2023 में फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 नियत थी। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि में संशोधन कर अब 16 अगस्त 2023 कर दी गई है। किसान अब फसल बीमा 16 अगस्त तक कर सकते हैं।

## कले टर एवं एसपी ने की कानूनी एवं व्यवस्था की समीक्षा

मंडला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना और पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनज़र राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार क़ानून एवं व्यवस्था के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही से संबंधित बैठक ली। बैठक में उन्होने निर्वाचन के मद्देनज़र की जाने वाली विभिन्न प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियों की अनुविभागवार समीक्षा की। कले टर ने निर्देशित किया कि ज़रूरी कार्यवाही में नोटिस तामीली गंभीरतापूर्वक सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने 107 (16), 151 सहित अन्य गतिविधियों की एसडीएम एवं एसडीओपी से रिपोर्ट ली। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों के माध्यम से नोटिस तामीली की कार्यवाही नियमित रूप से संपादित करें। बैठक में अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र कवर, एसडीओपी मंडला अश्विनी कुमार, डीएसपी अजाक राहुल कटरे एवं संबंधित उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न

मंडला यशोः- आजादी के 76वे स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय आयोजन के संबंध में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने संबंधित विभागों की बैठक ली। बैठक में उन्होने कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस का संपूर्ण आयोजन विशेष रूप से करें। सभी विभाग इस आयोजन को बेहतर बनाने के हरसंभव प्रयास करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस के आयोजन से संबंधित जि मेदारी आवंटित करते हुए समयपूर्व तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने आयोजन के दौरान परेड, अतिथियों की व्यवस्था, प्रस्तुतियों, कार्यक्रम स्थल में आवश्यक तैयारी आदि के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए आयोजन की तैयारियां पूर्ण करें। बैठक में एसपी रजत सकलेचा, एडीएम राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कले टर ने बैठक में कहा कि मैदान की सजावट 'मेरी माटी-मेरा देश' थीम के आधार पर करें। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण के दौरान राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित समस्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को ध्वजसंहिता के अनुरूप अपने-अपने कार्यालयों में आयोजन करने के निर्देश दिए। कले टर ने कार्यक्रम में बिजली, बैठक व्यवस्था, स्वास्थ्य टीम, ए बूलेंस, फायर ब्रिगेड, पेयजल आदि की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि सभी विभाग पुरूस्कार के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले 2 कर्मचारियों के नामों के प्रस्ताव एवं उनकी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए 10 अगस्त के पूर्व तक कले टर कार्यालय में भेजें। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने परेड की रिहर्सल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

# जिला स्तरीय पेसा प्रशिक्षण स पन्न

मंडला यशोः- म.प्र. पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम-2022 के प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन में सहयोग हेतु जनपद पंचायत मंड़ला के सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन म.प्र. जन अभियान परिषद जिला मंड़ला के तत्वावधान में किया गया।

म.प्र. जन अभियान परिषद जिला मंड़ला के जिला समन्वक राजेन्द्र चौधरी ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की। विषय विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र गुप्ता ने पेसा अधिनियम की पृष्ठभूमि एवं इतिहास पर विस्तार से जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ



मीमांसा ने ग्रामसभा बनेगी कैसे, चलेगी कैसे शीर्षक के तहत विस्तार से जानकारी दी। विकासखंड़ पेसा समन्वयक सोनू ने पेसा के प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। समापन सत्र में म.प्र. शासन के पेसा एवं वनाधिकार टास्क फोर्स के सदस्य और स्वशासन विशेषज्ञ मिलिंद थत्ते ने पेसा और स्वशासन पर प्रतिभागियों से संवाद कर प्रतिभागियों को पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। म.प्र.जन अभियान परिषद की टास्क मैनेजर डॉ. सुनीता गुप्ता ने प्रतिभागियों को ग्रामीणों के समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिया। समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। म.प्र. शासन के पेसा एवं वनाधिकार टास्क फोर्स के सदस्य और स्वशासन विशेषज्ञ मिलिंद थत्ते ने प्रशिक्षण में शामिल सभी लोगों को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में म.प्र. जन अभियान परिषद के विकासखंड़ समन्वयक, पेसा विकासखंड समन्वयक, समाजसेवी, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, सीएमसीएलडीपी के मेंटर उपस्थित रहे।

### आज तीनों विधानसभाओं के बीएलए का प्रशिक्षण

मंडला यशोः- 5 अगस्त को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) का डाईट मंडला में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त प्रशिक्षण में बूथ लेवल एजेंटों को निर्वाचक नामावली के संबंध में प्रारूप-6, 7 एवं 8 में प्रस्तुत किए जाने वाले दावे आपत्तियों की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी जाएगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-105 बिछिया के लिए नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-106 निवास के लिए नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-107 मंडला के लिए नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण दोपहर 3:30 बजे से 4:30 बजे तक डाईट मंडला में आयोजित होगा।

## निर्वाचन के दिशा-निर्देशों का गंभीरता से अध्ययन करें - डॉ. सिडाना



**नोडल अधिकारियों की बैठक संपन्न**

मंडला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अलग-अलग दायित्वों के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने ईव्हीएम मैनेजमेंट, परिवहन व्यवस्था, परिचय पत्र, स्ट्राँग रूम, मतदाता जागरूकता गतिविधियां, एमसीएमसी कमेटी, मेनपावर प्रबंधन सहित अलग-अलग व्यवस्थाओं के लिए बनाए गए नोडल अधिकारियों को उनके दायित्वों के निर्देश दिए। कले टर ने कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन से जुड़े अपने दायित्वों का गंभीरता से अध्ययन करें, उन्हें समझें तथा उनका सकारात्मक रूप से निर्वहन करें। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में टीम भावना के साथ काम करें। प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी आपस में समन्वय करते हुए एक-दूसरे के कार्यों एवं दायित्वों को समझें। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, एडीएम राजेन्द्र कुमार सिंह सहित अलग-अलग विभागों के नियुक्त नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वर्ण जयन्ती समारोह का आयोजन

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) गठन के पचास वर्ष पूर्ण होने पर मंडी प्रांगण बिछिया मे स्वर्ण जयन्ती समारोह का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम नगर परिषद अध्यक्ष चित्रा धुर्वे के मु य आतिथ्य, अनुविभागीय दण्डाधिकारी आइएएस सर्जना यादव की अध्यक्षता, पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं विशेषज्ञ मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड सुनील नामदेव, नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत के विशिष्ट आतिथ्य मे भगवान बलराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह मे पूर्व मंडी बोर्ड विशेषज्ञ सुनील नामदेव, सेवानिवृत्त सचिव गुलजार सिंह ठाकुर का स मान साल श्रीफल से भारसाधक अधिकारी आइएएस सर्जना यादव ने किया।इसके अतिरिक्त प्रगतिशील कृषक यमोद जंघेला, भावना तेकाम,राजेन्द्र पन्द्रे,सुरेश कार्तिकेय, बालमुकंद ठाकुर, विजय राय,अयोध्या भांवरे,बालकिशन मरावी,जमना यादव, देवेश रावत,खजानू सिंह धुर्वे, सर्वाधिक राजस्व देने बाले व्यापारी रजनीश शु ला, जगदीश साहू,सुनील वीरानी, अतुल कटारे, आंनद साहू,प्रमोद साहू एंव ह माम तुलावटी वर्ग से झनकू कुशराम, संदीप साहू का साल श्रीफल,अभिनंदन पत्र से अतिथियों ने स मानित किया। इसके अतिरिक्त मंडी समिति के कर्मचारी अधिकारी का स मान किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297